वर्ष- 02 अंक- 223
छपरा
4 जुलाई शुक्रवार 2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

बिहार में फूफा के अफेयर में पति का मर्डर

शादी के एक महीने बाद झारखंड से बुलाए शूटर, मंडप से ही रचने लगी थी साजिश

औरंगाबाद,एजेंसी। इंदौर की सोनम ने जैसे अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या करवाई। वैसा ही मामला बिहार के औरंगाबाद से सामने आया है। जहां 60 साल के फूफा के प्यार में 27 साल की भतीजी ने अपने पति की हत्या करवा दी। 24 जून को 27 साल के प्रियांशु उर्फ छोटू की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। 21 मई को प्रियांशु और गुंजा की शादी हुई थी। शादी के मंडप में ही लड़की ने पति के मर्डर की प्लानिंग की। शादी के करीब 1 महीने बाद ही पत्नी ने शूटर हायर कर के पति का मर्डर करवा दिया।

2 जुलाई को पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार किया है। फूफा जीवन सिंह फरार है। दोनों ने हत्या के लिए झारखंड से 2 शूटर हायर किए हैं। पुलिस ने दोनों शूटर्स जयशंकर चौबे और मुकेश शर्मा को भी गिरफ्तार कर लिया है।

दिल्ली हाईकोर्ट की पतंजलि च्यवनप्राश के विज्ञापन पर रोक

डाबर बोली- हमारा च्यवनप्राश आयुर्वेदिक औषधि, ऐसे विज्ञापन प्रोडक्ट को बदनाम कर रहे

नई दिल्ली,एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को पतंजलि को निर्देश दिया है कि वह डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ कोई भी नकारात्मक या भ्रामक विज्ञापन न दिखाए। यह आदेश जस्टिस मिनी पुष्करणा ने डाबर की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के बाद दिया। डाबर ने कोर्ट में तर्क रखा कि इस तरह के विज्ञापन न सिर्फ उनके उत्पाद को बदनाम करते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को गुमराह भी करते हैं। च्यवनप्राश एक पारंपरिक आयुर्वेदिक औषधि है, जिसे ड्रग्स और कॉस्मेटिक एक्ट के तहत नियमानुसार ही बनाना होता है। ऐसे में अन्य ब्रांड्स को सामान्य कहना गलत, भ्रामक और नुकसानदायक है इस मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। फिलहाल पतंजलि च्यवनप्राश के विज्ञापन पर रोक लगा दी गई है। केस में डाबर की तरफ से वरिष्ठ वकील संदीप सेठी ने वकालत की, जबकि पतंजलि की ओर से वरिष्ठ वकील राजीव नायर और जयंत मेहता पेश हुए थे। संदीप सेठी ने कहा,

डाबर का आरोप- पतंजलि उनके प्रोडक्ट की इमेज खराब कर रहा : इसके अलावा डाबर ने कहा, पतंजलि के विज्ञापन में 40 औषधियों वाले च्यवनप्राश को साधारण कहा गया है। यह हमारे उत्पाद पर सीधा निशाना है। डाबर अपने च्यवनप्राश को 40+ जड़ी-बूटियों से बने होने का दावा करता है।

पुरी भगदड़ की जांच तेज, ओडिशा सरकार ने जनता से की जानकारी साझा करने की अपील

पुरी,एजेंसी। ओडिशा के पुरी में महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान हुई भगदड़ में तीन लोगों की मौत और करीब 50 लोगों के घायल होने के बाद राज्य सरकार ने जांच तेज करा दी है। राज्य सरकार ने सार्वजनिक नोटिस जारी करके लोगों से भगदड़ से संबंधित सूचना, वीडियो फुटेज या अन्य सामग्री साझा करने की अपील की है। ओडिशा के योजना एवं अभिसरण विभाग की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति या संगठन इस बारे में जानकारी साझा कर सकता है कि ऐसी घटना कैसे घटित हुई? लोग 20 जुलाई तक ई-मेल puritragedy.enquiry@odisha.gov.in के माध्यम से सूचना, वीडियो फुटेज या अन्य सामग्री साझा करें। नोटिस में यह भी कहा गया है कि इच्छुक व्यक्ति नौ जुलाई को दोपहर तीन बजे के बाद भुवनेश्वर स्थित राज्य अतिथि गृह में विकास आयुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव अनु गर्ग से तथा 10 जुलाई को दोपहर 3 बजे के बाद पुरी स्थित विशेष सर्किट हाउस में उनसे मिलकर जानकारी साझा कर सकते हैं। राज्य सरकार ने लोगों को भगदड़ त्की जांच में लगी टीम को अपनी जानकारी देने में सुविधा प्रदान करने के लिए भुवनेश्वर के दो लैंडलाइन टेलीफोन नंबर (0674-2536882/2391970) भी उपलब्ध कराए हैं।

देश के 80 फीसदी गांव खुले में शौच से मुक्त

54प्रतिशत गांव ही हासिल कर पाए ओडीएफ प्लस मॉडल का दर्जा

नई दिल्ली,एजेंसी। स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण (एसबीएम-जी) के तहत जिन गांवों को लक्षित किया गया था, उनमें से 80 फीसदी गांव खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) और ठोस व तरल कचरे के प्रबंधन की सुविधाओं से लैस हैं। हालांकि, केवल 54 फीसदी गांवों को ही औपचारिक रूप से 'ओडीएफ प्लस मॉडल' का दर्जा मिला है। सरकार की ओर से की गई हालिया समीक्षा में यह जानकारी दी गई है। यह आंकड़े बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यशाला में पेश किए गए। सरकार की रिपोर्ट में बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर गंदे पानी

(ग्रे वॉटर) के प्रबंधन का कवरेज 95 फीसदी गांवों तक पहुंच चुका है। जिसमें 20 से ज्यादा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में यह कवरेज 95 फीसदी से भी आगे बढ़ चुका है। इसके अलावा, ठोस कचरा प्रबंधन का कवरेज 87 फीसदी गांवों तक पहुंच चुका है। वहीं, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन में ब्लॉक स्तर की 70 फीसदी कवरेज हासिल की गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 80 फीसदी लक्षित गांवों ने ओडीएफ प्लस मॉडल की स्थिति हासिल की है, लेकिन केवल 54 फीसदी की ही औपचारिक रूप से पुष्टि हो सकी है। एक ओडीएफ प्लस मॉडल गांव वह होता है, जहां खुले में शौच की आदत पूरी तरह खत्म हो चुकी हो, ठोस और तरल कचरे का प्रबंधन हो, साफ-सफाई का स्तर अच्छा हो, सार्वजनिक जगहों पर कचरा और पानी जमा न हो और ओडीएफ से जुड़ी सूचनाएं प्रदर्शित की जाती हों।

किसान मर रहे हैं और सरकार तमाशा देख रही है, महाराष्ट्र में 767 किसानों ने की खुदकुशी; राहुल गांधी

नई दिल्ली,एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या को लेकर गुरुवार को मोदी सरकार पर हमला बोला। कांग्रेस नेता ने कहा कि किसान दिन-प्रतिदिन कर्ज में डूबते जा रहे हैं और सरकार किसानों की दुर्दशा के प्रति उदासीन बनी हुई है। उन्होंने एक्स पर अपनी पोस्ट में सरकार पर किसानों की कर्ज माफी और फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा कि महाराष्ट्र में तीन महीनों में 767 किसाों ने आत्महत्या कर ली है, लेकिन सरकार इस मुद्दे पर चुप है। सरकार से सवाल करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि क्या ये सिर्फ एक आंकड़ा है? अब ये 767 परिवार जो कभी नहीं संभल पाएंगे। एक मीडिया रिपोर्ट को साझा करते हुए उन्होंने यह भी लिखा कि किसान हर दिन कर्ज में और गहराई तक डूब रहा है। बीज महंगे हैं, खाद महंगी है, डीजल महंगा है, लेकिन स्स्क्क की कोई गारंटी नहीं। जब वो कर्ज माफी की मांग करते हैं, तो उन्हें नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन जिनके पास करोड़ों हैं? उनके लोन मोदी सरकार आराम से माफ कर देती है। प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए राहुल गांधी ने उन पर वादे से मुकरने का भी आरोप लगाया। राहुल गांधी ने लिखा, मोदी जी ने कहा था, किसान की आमदनी दोगुनी करेंगे, लेकिन आज हाल ये है कि अन्नदाता की जिंदगी ही आधी हो रही है। ये सिस्टम किसानों को मार रहा है और मोदी जी अपने ही पीआर का तमाशा देख रहे हैं।

अमित मालवीय ने किया पलटवार

वहीं, भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने राहुल गांधी पर पलटवार किया है। उन्होंने एक्स पर एक चार्ट साझा किया, जिसमें दावा किया गया कि एनसीपी-कांग्रेस सरकार के 15 साल के कार्यकाल के दौरान महाराष्ट्र में 55,928 किसानों ने आत्महत्या की। अमित मालवीय ने कहा कि मृतकों की गिनती करने की राजनीति घृणित है, लेकिन राहुल गांधी जैसे लोगों को आईना दिखाना भी जरूरी है। राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए अमित मालवीय ने कहा कि अपना मुंह खोलने से पहले राहुल गांधी को महाराष्ट्र में राकांपा-कांग्रेस सरकार द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान किए गए पापों को याद करना चाहिए।

विपक्षी दलों ने महाराष्ट्र विधानसभा से किया था वॉकआउट : इससे पहले, बुधवार को विपक्षी सदस्यों ने किसानों की आत्महत्या और राज्य में सोयाबीन उत्पादकों को बकाया भुगतान न किए जाने के मुद्दों पर महाराष्ट्र विधानसभा से दो बार वॉकआउट किया था। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने विधानसभा में दावा किया कि इस साल जनवरी से मार्च के बीच महाराष्ट्र में 767 किसानों ने आत्महत्या की है। उन्होंने कहा कि 200 मामलों को सहायता के लिए अयोग्य घोषित किया गया है, जबकि 194 मामलों में जांच लंबित है।

उत्तराखंड- तेज बारिश के चलते चारधाम यात्रा रोकी गई

अजमेर दरगाह के बरामदे की छत गिरी हिमाचल के मंडी में अब तक 13 की मौत

नई दिल्ली/ जयपुर/लखनऊ ,एजेंसी। उत्तराखंड में तेज बारिश को देखते हुए चारधाम यात्रा को अस्थाई रूप से रोक दिया गया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जब यात्रा मार्ग श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह से सुरक्षित होगा, तभी आगे यात्रा शुरू की जाएगी।



उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर बुधवार रात सोनप्रयाग के पास लैंडस्लाइड हुई और रास्ता बंद हो गया। इस दौरान 40 श्रद्धालु फंस गए। SDRF की टीम मौके पर पहुंची और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। मौसम विभाग ने आज राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत 11 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में पिछले 4 दिन से बारिश का दौर जारी है। बुधवार को भारी बारिश के बाद अजमेर शरीफ दरगाह परिसर में 2 फीट पानी भर गया। वहीं, भारी बारिश के दौरान दरगाह परिसर में बने बरामदे की छत का एक हिस्सा भी ढह गया। हालांकि, इस दौरान किसी को चोट नहीं आई। दरगाह कमेटी ने उस हिस्से में लोगो की आवाजाही बंद कर दी है।हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। अब भी 29 लोग लापता हैं। गुरुवार को 2 और शव मिले। खराब मौसम के चलते राहत कार्य में दिक्कत आ सकती है, क्योंकि मौसम विभाग ने कई जिलों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया है।

अमरनाथ में पहली आरती हुई, पहलगाम से पहला जत्था रवाना

38 दिन बाद रक्षाबंधन को समापन होगा; अब तक 3.5 लाख श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन

पहलगाम,एजेंसी। आज से अमरनाथ यात्रा की शुरुआत हो गई है। गुरुवार सुबह बाबा अमरनाथ की पहली आरती की गई। वहीं, पहला जत्था बालटाल और नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप से रवाना अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हुआ। इस दौरान श्रद्धालु हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारे लगाते रहे। बुधवार को पहला जत्था 5,892 श्रद्धालुओं का जम्मू के भगवती नगर कैंप से उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रवाना किया था। ये लोग दोपहर में कश्मीर पहुंचे, जहां प्रशासन और स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। 38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूटों से होगी। यात्रा का समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे।

21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा संसद का मॉनसून सत्र, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

नई दिल्ली,एजेंसी। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसकी जानकारी बुधवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने दी। पहले सत्र 12 अगस्त को समाप्त होना था, लेकिन अब इसे एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया गया है। पहलगाम हमले के बाद हो रहा यह संसद सत्र काफी हंगामेदार होने वाला है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट कर

जानकारी दी कि भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 21 जुलाई से 21 अगस्त, 2025 तक संसद का मानसून सत्र बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हालांकि स्वतंत्रता दिवस समारोह को ध्यान में रखते हुए 13 और 14 अगस्त को कोई बैठक नहीं होगी।

संसद के दोनों सदन तीन महीने से अधिक समय के अंतराल के बाद 21 जुलाई को सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले हैं। इससे पहले रिजिजू ने मीडिया को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति ने तारीखों की सिफारिश की थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने सिफारिश मंजूर कर ली है।

कोलकाता गैंगरेप: बार काउंसिल ने मनोजित की मेंबरशिप रद्द की

- **पुलिस बोली- तीनों आरोपी अलग-अलग बयान देकर गुमराह करना चाह रहे**

कोलकाता,एजेंसी। पश्चिम बंगाल बार काउंसिल ने बुधवार को कोलकाता गैंगरेप मामले के मुख्य आरोपी मनोजित मिश्रा की मेंबरशिप रद्द कर दी और उनका नाम वकीलों की सूची से हटा दिया। बार काउंसिल के चेयरमैन अशोक देब ने बताया कि एक विशेष आम बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इतने गंभीर और अमानवीय अपराध के आरोपों के चलते मनोजित मिश्रा का नाम बार काउंसिल की सूची से हटाया जाए। वहीं, पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी अलग-अलग बयान दे रहे हैं ताकि जांच को भटकाया जा सके। एक अधिकारी ने कहा

कि तीनों लॉ स्टूडेंट हैं, इन्हें कुछ कानूनी चालें आती हैं।

साथ ही पुलिस यह पता लगाने की कोशिश भी कर रही है कि मनोजित, जैब अहमद और प्रमीत मुखर्जी अपनी गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले किन-किन लोगों से मिले थे या किन लोगों के संपर्क में थे।

पुलिस ने लॉ कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल से दो बार पूछताछ की : पुलिस ने कॉलेज की वाइस-प्रिंसिपल डॉ. नयना चटर्जी से भी दो बार पूछताछ की है। मनोजित मिश्रा ने उनसे 26 जून की सुबह फोन पर बात की थी। बुधवार को पुलिस ने उन 16 लोगों से भी पूछताछ की, जो घटना के वक्त कॉलेज परिसर में मौजूद थे। पुलिस को सुरक्षा गार्ड के कमरे से जब्त एक चादर पर एक दाग मिला है, और यह जांच की जा रही है कि उसका इस घटना से कोई संबंध है या नहीं।

इस बीच, कोलकाता पुलिस के डिटेक्टिव डिपार्टमेंट (DD) ने बुधवार को इस केस की जांच अपने हाथ में ले ली है।

फार्मा प्लांट विस्फोट में नौ लोग अभी भी लापता, डीएनए से होगी पहचान ; घटनास्थल का दौरा करेगी विशेष टीम

हैदराबाद,एजेंसी। तेलंगाना के पशम्यलारम में सिगाची इंडस्ट्रीज के फार्मा प्लांट में हुए विस्फोट में नौ लोग अभी भी लापता हैं। इसमें पांच श्रमिक ओडिशा के हैं। विस्फोट के बाद मिले अज्ञात शवों की पहचान के लिए डीएनए का मिलान किया जाएगा। इसके साथ ही विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए राज्य सरकार की विशेष टीम गुरुवार को घटनास्थल का दौरा करेगी। विस्फोट में अब तक 40 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। एसपी पंकज ने कहा कि नौ लोग लापता हैं। लेकिन जब हमें एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लैब) से हड्डियों और अन्य चीजों की रिपोर्ट मिल जाएगी, तब चीजें स्पष्ट हो जाएंगी। मलबा हटाने का 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और अब आगे किसी शव के मिलने की आशंका नहीं है। वहीं विस्फोट में ओडिशा के चार श्रमिकों की मौत हो चुकी है। जबकि पांच अन्य श्रमिक लापता हैं। उनके रिश्तेदार अज्ञात शवों के डीएनए मिलान के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

यूपी में हुए सड़क हादसे में 4 की मौत

गांधीनगर से केदारनाथ जा रहे थे 5 दोस्त, मुजफ्फरनगर में फ्लाईओवर से नीचे गिरी कार

गांधीनगर,एजेंसी। गुजरात के गांधीनगर से केदारनाथ जा रही इनोवा कार 30 जून को हादसे का शिकार हो गई थी, जिसमें गांधीनगर के चार दोस्तों की मौत हो गई। एक अन्य घायल की हालत भी गंभीर बनी हुई है। गुरुवार को चारों के शव गांव पहुंचे। शवयात्रा में पूरा गांव शामिल हुआ। हादसे का शिकार हुए पांच दोस्तों में 3 तारापुर और दो सरगासण गांव के रहने वाले थे।

फ्लाईओवर की रेलिंग तोड़कर खेत में गिरी कार : गांधीनगर जिले के तारापुर से 3 और सरगासण गांव से 2 समेत 5 दोस्त 29 जून को इनोवा कार से केदारनाथ के लिए निकले थे। इसी दौरान मुजफ्फरनगर के पानीपत-खातीमा नेशनल हाईवे के मोड़ पर कार हादसे का शिकार हो गई। कार की स्पीड ज्यादा थी, जिससे चालक कार पर नियंत्रण नहीं रख सका। कार फ्लाईओवर की रेलिंग तोड़कर खेत में जा गिरी।

खेत में पानी भरा हुआ था। इसके चलते चारों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। गांववालों ने एक को किसी तरह बचा लिया। हालांकि, उसकी हालत भी गंभीर है। जिगर को इलाज के लिए कुडासण लाया गया है। जानकारी मिली है कि इनोवा कार में बैठे किसी भी व्यक्ति ने सीट बेल्ट नहीं लगाई थी, जिससे एयरबैग नहीं खुला।

पिता ने कार से जाने मना किया था : दो युवकों के शव बुधवार को तारापुर लाए गए। पिता की चित्कार से हर कोई कांप उठा। युवकों के अंतिम संस्कार के दौरान पूरा गांव गमगीन था। मृतक अमित ठाकोर के पिता मनुजी ठाकोर जो तालुका पंचायत सदस्य भी हैं, ने कहा कि मेरे बेटे ने मुझे फोन करके कहा 'पापा मैं केदारनाथ जा रहा हूं...' तो मैंने उसे मना किया था कि बेटा तू बार-बार क्यों जाता है। पिछली बार जाने को अभी एक साल भी पूरा नहीं हुआ है। वह किसी और की गाड़ी में गया था। सरसागण निवासी करण ठाकोर का डीजे का कारोबार था, जिसमें भरत भी शामिल था। दोनों दोस्त डीजे का कारोबार करते थे। करण के परिवार में मां, बड़ा भाई राजू, पत्नी और पांच साल का बेटा है।

एकमा के पूर्व जिला पार्षद रूपेश सिंह बने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, क्षेत्र में खुशी की लहर

दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)। एकमा के पूर्व जिला पार्षद रूपेश कुमार सिंह उर्फ छोटू को भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य मनोनीत किए जाने पर एकमा व आसपास के क्षेत्रों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस उपलब्धि पर एकमा में गुरुवार को एक सम्मान समारोह आयोजित कर भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाईयां दीं।बधाई देने वालों में एकमा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा, एकमा नगर अध्यक्ष श्रीप्रकाश, विधानसभा बूथ सशक्तीकरण अभियान के संयोजक बलवंत कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष त्रिभुवन तिवारी, वार्ड पार्षद संजय सिंह, कमलेश सिंह, ओमप्रकाश सिंह, पूर्व सरपंच राजकिशोर सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता शामिल रहे।ज्ञात हो कि रूपेश सिंह वर्ष 2016 में पूरे बिहार में सबसे कम उम्र के जिला पार्षद बने थे। वे भारतीय जनता युवा मोर्चा के एकमा मंडल अध्यक्ष सहित भाजपा के विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। पिछले दस वर्षों से वे पार्टी के विभिन्न पदों पर सक्रिय रहते हुए संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। रूपेश सिंह के इस मनोनयन से भाजपा कार्यकर्ताओं में भी उत्साह का माहौल है।

एकमा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न, मोहर्रम शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील

दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)। एकमा थाना परिसर में गुरुवार को पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अंचलाधिकारी राहुल शंकर, त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि व क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक शामिल हुए।

बैठक में आगामी मोहर्रम त्योहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। एकमा सीओ राहुल शंकर व थानाध्यक्ष उदय कुमार ने कहा कि मोहर्रम के ताजिया जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है।इस अवसर पर आपसी समन्वय व भाईचारे से त्योहार मनाने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाने का भी आश्वासन दिया गया।

बैठक में योगेन्द्र शर्मा, बलिराम ठाकुर, सुरेश राय, कन्हैया राय, पवन कुमार, बच्चा सिंह, मोहम्मद मुस्लिम मियां, मोहम्मद नाजिम अंसारी, मोहम्मद रफी, परवेज अख्तर, फूल मोहम्मद अंसारी, रफीक अंसारी, कियामुद्दीन अंसारी आदि अन्य लोग शामिल थे?।

छपरा-आनंद विहार के बीच 5 और 12 जुलाई को होगा अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन

पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष पहल

दैनिक खोज खबर/छपरा। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा छपरा और आनंद विहार टर्मिनस के बीच अनारक्षित विशेष गाड़ी 05317/05318 का दो फेरे के लिए संचालन किया जा रहा है। यह विशेष गाड़ी 5 और 12 जुलाई 2025 (शनिवार) को छपरा से तथा 6 और 13 जुलाई 2025 (रविवार) को आनंद विहार टर्मिनस से चलाई जाएगी।

05317 छपरा-आनंद विहार टर्मिनस (विशेष गाड़ी)-

ह गाड़ी छपरा से शाम 7:45 बजे प्रस्थान करेगी और क्रमशः सीवान (21:05), देवरिया सदर (22:10), गोरखपुर (23:35), बस्ती (00:50), गोण्डा (02:25), सीतापुर (05:10), सीतापुर सिटी (05:30), शाहजहाँपुर (06:10), बरेली (07:20) और मुरादाबाद (09:00) होते हुए अगले दिन दोपहर 12:30 बजे आनंद विहार टर्मिनस पहुंचेगी।

05318 आनंद विहार टर्मिनस-छपरा विशेष गाड़ी -यह गाड़ी आनंद विहार टर्मिनस से दोपहर 3:00 बजे प्रस्थान करेगी और मुरादाबाद (19:20), बरेली (20:50), शाहजहाँपुर (22:02), सीतापुर (00:20), गोण्डा (03:05), बस्ती (04:50), गोरखपुर (06:10), देवरिया सदर (07:25), सीवान (08:30) होते हुए सुबह 10:00 बजे छपरा पहुंचेगी।इस विशेष गाड़ी में कुल 22 कोच होंगे। जिसमें 1 एलएसएलआरडी, 20 साधारण द्वितीय श्रेणी के कोच और 1 जनरेटर सह लगेज यान शामिल रहेगा। जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने यात्रियों से अपील की है कि वे इस विशेष सुविधा का लाभ उठाएं।

सोनपुर रेलवे स्टेशन पर एक लावारिस बैग से 24 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद

दैनिक खोज खबर/सोनपुर। सोनपुर रेलवे स्टेशन पर गश्ती के दौरान रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम ने प्लेटफॉर्म संख्या 4-5 के पूरबी छोड़ पर एक लावारिस काले बैग से अंग्रेजी शराब बरामद की। बैग में आफ्टर डार्क ब्लू ब्रांड की 24 बोतलें (प्रत्येक 180 एमएल) पाई गईं, जिनकी कुल मात्रा लगभग 4.32 लीटर और कीमत करीब ?3600/- रुपये आंकी गई है।आरपीएफ के निरीक्षक प्रभारी के अनुसार, उप निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह, प्रधान आरक्षी वासुदेव मिश्रा, आरक्षी सुभाष यादव और आरक्षी सुनील कुमार सिंह गश्त कर रहे थे। इसी दौरान बुधवार क़े सुबह करीब 9 बजे बैग दिखाई पड़ा। पूछताछ में किसी ने दावा नहीं किया तो बैग की तलाशी ली गई। जानकारी मिलते ही एक्साइज थाना प्रभारी को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची सहायक उप निरीक्षक पुष्पा कुमारी और उनकी टीम ने नियमानुसार जब्ती सूची बनाकर शराब को कब्जे में लिया। जब्त शराब को आगे की कार्रवाई के लिए एक्साइज थाना सोनपुर भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

सोनपुर डिसिएलआर बने राधेश्याम कुमार मिश्र

दैनिक खोज खबर/सोनपुर। विधानसभा चुनाव के पूर्व ही सरकार ने पदाधिकारी का तबादला की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी क्रम में सोनपुर के डीसीएलआर रंजनी कुमारी का स्थानांतरण पटना में किया गया है जबकि नए डीएसएलआर के रूप में पटना सिटी में पद स्थापित लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राधेश्याम कुमार मिश्रा को सोनपुर डीसीएलआर क़े पद पर प्रतिनियुक्त किया है। राधेश्याम कुमार मिश्रा ने सोनपुर डीसीएलआर क़े पद भार ग्रहण कर अपने कार्यों में लग गये है।

विशेष मतदाता सर्वेक्षण को लेकर बीडीओ ने जीविका के साथ की बैठक

दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)। विशेष मतदाता सर्वेक्षण अभियान को लेकर बीडीओ सुधीर कुमार ने जीविका के साथ बैठक की। उच्च विधालय मढ़ौरा के सभागार में आयोजित बैठक में बीडीओ ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार जो लोग मतदाता पहचान पत्र के लिए दस्तावेज का सत्यापन नहीं कराएंगे उनका नाम सूची से काट दिया जाना है। दस्तावेज सत्यापन की समय सीमा 26 जुलाई तक है। इस दौरान प्रखंड के सभी बीएलओ घर-घर तक जाएंगे। कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम इसलिए चलाया है, कि बहुत सारे लोगों की मृत्यु हो गई है तथा कुछ लोग लंबे समय से संबंधित विधानसभा क्षेत्र छोड़कर दूसरी जगह चले गए हैं। गणना प्रपत्र लेकर बीएलओ घर-घर जा रहे हैं। इस दौरान लोगों को चाहिए कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पहचान पत्र के लिए जो दस्तावेज निर्धारित किए गए हैं उसे बीएलओ के माध्यम से फॉर्म भरकर दे। मतदाताओं के दस्तावेज सत्यापन के लिए बीएलओ के स्तर से काम शुरू कर दिया गया है। बीडीओ ने बताया कि सत्यापन के लिए भारत निर्वाचन आयोग में 11 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य किया गया है। जीविका दीदी से विशेष मतदाता सर्वेक्षण अभियान के लिए ग्रामीणों को जागरुक करने की अपील की। कहा कि क्षेत्र विशेष में सम्बंधित बीएलओ के कार्यों की मुनिटरिंग करनी है और किसी तरह की कमी से अवगत कराना है। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में जीविका दीदी और जीविका बीपीएम उपस्थित थे।

नयागांव थाना क्षेत्र में मुहर्रम का त्योहार शांति व सौहार्द के वातावरण में मनाने की थानाध्यक्ष ने की अपील

दैनिक खोज खबर/सोनपुर। सोनपुर प्रखंड क्षेत्र क़े नयागाव थाना क्षेत्र में मुहर्रम को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियो ने सभी से मुहर्रम का त्योहार शांति, सौहार्द के वातावरण में मनाने की अपील किया। बैठक में उपस्थित थे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत मकरा,बहैरवा गाछी, शेख टोला यह तीन जगहों से तजिया जुलुस निकलती है।बैठक में थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगो से कहा कि मोहर्रम जुलूस के दौरान डीजे, धराधार हथियार प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। जिन अखाड़ों की ओर से मोहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा।उन सभी अखाड़ों को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा।जुलूस के लिए जो रूट निर्धारित किया गया है।उसी रूट पर अखाड़ा का जुलूस निकाला जाएगा। थानाध्यक्ष ने यह भी कहा कि अखाड़ा जुलूस में भीड़ को नियंत्रित करने एवं लोगों को नियंत्रित करने के लिए सभी अखाड़ों की ओर से अपने-अपने वालंटियर तैनात किए जाएं।साथ ही सभी वालंटियर को पहचान पत्र बनाकर गले में टाँगे जिससे उस समिति सदस्यों की पहचान हो सके। निकलने वाले जुलुस का वीडियोग्राफी स्वयं समिति सदस्यों को करना है. प्रशासन भी सुरक्षा क़े दृस्टि से अपना वीडियोग्राफी करेगी। थाना अध्यक्ष ने आम जनता से अनुरोध किया है कि सभी समुदाय के लोग आपस में प्रेम और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मोहर्रम पर्व को शांति पूर्वक संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें.पर्व में किसी प्रकार के विघ्न उतपन्न करने या उपद्रवी करने वाले को खैर नहीं होगा। कानून के उल्लंघन करने वाले लोगों पर पुलिस पहनी नजर रखी हुई है. मोहर्रम के दिन हर मस्जिदों एवं ताजिया निकलने वाले स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। मोहर्रम के दिन सादे एवं वर्दी लिवास में पुलिस बल तैनात रहेंगे और हर गतिविधियों पर कई नजर बनाए रखेंगे। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि किसी प्रकार की घटना या किसी प्रकार की अनहोनी होने की सूचना मिलते ही तत्क्षण 112 नंबर या स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचना दें। पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है।

42वीं डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स प्रतियोगिता की तैयारी अंतिम चरण में गरखा के बसंत हाई स्कूल के ग्राउंड में बनाया गया है ट्रैक

दैनिक खोज खबर/छपरा ।आगामी पांच व छह जुलाई को गरखा में आयोजित 42वीं जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता की तैयारी पूरे जोर शोर से जारी है. उक्त जानकारी सारण जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव गजेंद्र कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष जिला प्रतियोगिता की मेजबानी अलग अलग प्रखंड इकाइयों को सौंपी जाती है. प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए गरखा प्रखंड इकाई के नारायण सिंह को आयोजन सचिव बनाया गया है. श्री सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन, आवागमन और ईवेंट संपन्न कराने के लिए अलग अलग उप समितियां बनायी गयी हैं. वहीं आयोजन स्थल बसंत उच्च विद्यालय के क्रीड़ा मैदान में निर्मल ठाकुर, संजय सिंह, मिंटू जी और कमलजीत कुमार की निगरानी में ट्रैक तैयार कर लिया गया है. उन्होंने बताया कि जिला प्रतियोगिता में अंडर 14 व 16 के बालक तथा बालिका समेत पुरुष और महिला वर्ग के खिलाड़ी विभिन्न प्रतिस्पर्धा में भाग ले सकेंगे. चूंकि नेशनल के लिए ऑन द स्पॉट चयन होगा इसलिए खिलाड़ियों को अपने जन्म प्रमाण पत्र के साथ आने का निर्देश दिया गया है. संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आंध्र प्रदेश के तिरूपति में आयोजित राष्ट्रीय इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट में शिरकत के लिए भेजा जाएगा ।

सारण जिला के लाल सैयद आरिश हसन को उपराष्ट्रपति ने किया सम्मानित

संसदीय कार्य प्रणाली के प्रशिक्षण में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

दैनिक खोज खबर/छपरा । शहर के करीमचक, राहत रोड के हसन मंजिल निवासी एडवोकेट फैयाज हसन और रूही हसन के पुत्र सैयद आरिश हसन को संसद के उच्च सदन में आयोजित एक कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी ने सम्मानित किया. उन्हें यह सम्मान संसदीय कार्य प्रणाली प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया. आरिश सैयद नबी हसन के प्रपौत्र एवं सैयद जकी हसन के पौत्र हैं. ज्ञात हो कि यह कार्यक्रम देश के सबसे प्रतिष्ठित एवं दुर्लभ अवसरों में से एक माना जाता है. जिसके चयन प्रक्रिया अत्यंत प्रतिस्पर्धी होती है. जिसमें देश के सभी राज्यों से महज 35 से 40 प्रशिक्षुओं को चयनित किया जाता है. सभी चयनित प्रतिभागियों को सांसदों के निजी सचिव, यूपीएससी के प्रतिभागी, राजनीति शास्त्री और सीए के साथ प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है. इस दौरान उन्हें संसदीय सचिवालयों, केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों एवं वरिष्ठ नौकरशाहों के साथ प्रत्यक्ष रूप से कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाता है. इससे उनमें नीति-निर्माण, विधायी अनुसंधान और संसदीय कार्यप्रणाली की गहन समझ प्रदान की जाती है. अपने अपने क्षेत्र के माहिर लोगों के साथ प्रशिक्षण में आरिश ने अपने अलग मुकाम बना कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. उपराष्ट्रपति महोदय के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम में आरिश हसन को कम उम्र में बहुत बड़ी और एक अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई. आरिश सम्प्रति देश के प्रतिष्ठित संस्था एमेटी यूनिवर्सिटी से बीबीए एलएलबी की पढ़ाई कर रहे हैं. यह उनकी पढ़ाई का अंतिम वर्ष है. वे सुप्रिम कोर्ट में प्रैक्टिस करना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि संसदीय कार्यप्रणाली में प्रशिक्षण से उनकी सोच को एक व्यापक आयाम मिला. जो प्रोफेशनल जीवन में बेहद उपयोगी होगा. उपराष्ट्रपति से सम्मानित होने पर उनके हौसलों को और भी मजबूती मिली है ।

यात्रा कर रहीं दो महिला यात्रियों के ट्रैन में समान हुई चोरी

सोनपुर। आम्रपाली एक्सप्रेस (15707) में यात्रा कर रहीं दो महिला यात्रियों के साथ अलग-अलग चोरी की घटनाएं सामने आईं। दोनों मामलों में सोनपुर रेल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।पहली घटना में गोरखपुर की शिल्पी सिंह ने बताया कि कटिहार से गोरखपुर जाते समय सोनपुर स्टेशन के पास उनका काला ट्रॉली बैग चोरी हो गया। बैग में शैक्षणिक प्रमाण पत्र, इलेक्ट्रॉनिक सामान और कपड़े थे।वही दूसरी घटना में अहमदाबाद के गोकुलचंद व्यास की पत्नी का पर्स चोरी हो गया, जिसमें 30 हजार रुपये नकद, मोबाइल, आधार कार्ड और दस्तावेज थे। यह घटना भी सोनपुर स्टेशन के आसपास हुई। दोनों मामलों में जीआरपी ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यात्रियों ने रेल प्रशासन से जल्द कार्रवाई और सामान बरामद करने की मांग की है।

बदलाव : सोनपुर नगर पंचायत का नाम अब सोनपुर नगर परिषद

दैनिक खोज खबर/सोनपुर। 23 साल के बाद सोनपुर नगर पंचायत को नगर परिषद की दर्जा मिला है. 2002 में नगर पंचायत का दर्जा मिला था। बढ़ती आबादी को देखते हुए यहां की जनता ने लंबी लड़ाई लड़ी उसके बाद सोनपुर की जनता की इस मांग की पूर्ति हुई है। सरकार ने इसे तीर्थ और धार्मिक पर्यटक स्थल होने के साथ-साथ बढ़ती आबादी को देखते हुए 21 वार्ड क़े नगर पंचायत को नगर परिषद को 2 जुलाई से विधिवत सोनपुर नगर परिषद कहा जाने लगा। नगर पंचायत के स्थान पर संचिकाओं पर भी नगर परिषद लिखा जाने लगा। नगर पंचायत के मुख्य द्वार पर नगर पंचायत के स्थान पर नगर परिषद का नेम प्लेट भी लग गया है।

राजेंद्र किशोरी बीएड कॉलेज, सुघड़ी सिवान में प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओ की प्रायोगिक परीक्षा शुरू

दैनिक खोज खबर/सिवान। भगवानपुर हाट प्रखंड के सुघडी स्थित राजेंद्र किशोरी बेड कॉलेज में गुरुवार को बीएड सत्र के (2024-26) प्रथम वर्ष की सभी प्रशिक्षुओ की प्रायोगिक परीक्षा EPC-, EPC-2 तथा EPC-3 की परीक्षा प्रारंभ की गई, जो 04/07/25 को भी आयोजित होंगी। जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा द्वारा बाह्य परीक्षक के रूप में अखिलेश कुमार मौर्य एवं आंतरिक परीक्षक के रूप में बीएन चौबे को नियुक्त किया गया है। उक्त परीक्षा पूर्णता कदाचार मुक्त रूप से संचालित हो रही है. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमेश कुमार के निर्देशन में सभी प्राध्यापक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों द्वारा पूर्ण सहयोग से संचालित की जा रही है।

मतदाता पुनरीक्षण के लिए प्रचार वाहन को बीडीओ ने किया रवाना

दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के प्रचार वाहन के लिए वाहन को हरी झंडी दिखाकर बीडीओ सुधीर कुमार ने रवाना किया गया। प्रचार गाड़ी प्रखंड के अलग अलग पंचायत के गांवों में? पहुंच कर आम लोगों को इसके लिए जागरुक करेगी। बीडीओ सुधीर कुमार ने बताया कि प्रचार गाड़ी का एक सिड्युल निर्धारित किया गया है। सिड्युल्स के अनुसार 4 जुलाई को प्रचार वाहन प्रखंड के नौतन, हसनपुरा, भावलपुर, नगर पंचायत मढ़ौरा, 5 जुलाई को तेजपुरवा, सलिमापुर, गौरा, अंवारी, अगहरा, 6 जुलाई को इसरौली, माधोपुर, बहुआरापट्टी, मिर्जापुर, 7 जुलाई को रामपुर, नरहरपुर, रसूलपुर, हथिसार और 8 जुलाई को शिल्हौड़ी, बरदहिया,, मुबारकपुर ओल्हनपुर, भुआलपुर में पहुंचेगी। इस प्रचार वाहन के द्वारा मतदाताओं को जागरुक किया जाएगा।

नाबालिक लड़की के अगवा करने के आरोप में एक युवक गिरफ्तार

दैनिक खोज खबर/सोनपुर। एक गांव क़े नाबालिक लड़की के अगवा करने के आरोप में कसमर के एक युवक को पहलेजा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक बात की जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने गुरुवार को बताया कि एक गांव के नाबालिक बच्ची के शादी करने के नियत से एक युवक ने अगवा कर लिया था जहां पुलिस ने आवेदन के आलोक में छापामारी की। जहां छापामारी के दौरान एकमा थाना क्षेत्र के रसूलपुर से नाबालिक लड़की और लड़के को गिरफ्तार कर लिया गया एवं गिरफ्तार करने के बाद अगवा करने वाले युवक कसमर गांव की ललित शाह के पुत्र रोहित कुमार को जेल भेज दिया गया है. उन्होंने बताया कि 18. 6. 25 को अगवा किया गया था जहां लड़की की परिजनों ने आसपास व सगे संबंधी क़े यहां काफी खोजवीन करते हुए जब लड़की नहीं मिली तों घर के परिजनों ने 21.06. 25 को थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जहां पुलिस ने तत्वरित कार्रवाई करते हुए एकमा थाना के अंतर्गत रसूलपुर गांव से लड़के के बहनोई के यहां से दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस लड़की को कोर्ट में बयान देने के लिए तैयारी में जुट गई है।वही दूसरे मारपीट क़े मामले में गरीब पट्टी दियरा क़े मितर राय क़े पुत्र परमा राय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

ताजिया जुलूस के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य

दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)। मुहर्रम पर्व को लेकर गुरुवार को परसा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ।अध्यक्षता सीओ अनुज कुमार ने की ।इस अवसर पर थानाध्यक्ष सुनील कुमार के साथ दर्जनों जनप्रतिधि व बुद्धिजीवी मौजूद रहे ।इस अवसर पर सीओ अनुज कुमार ने मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की ।वहीं थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि ताजिया जुलूस के लिए लाइसेंस लेना आवश्यक है ।बिना लाइसेंस के ताजिया जुलूस निकाले जाने पर प्रशासनिक करवाई की जाएगी । उन्होंने जुलूस के दौरान किसी भी तरह का शस्त्रों का उपयोग नहीं करने के साथ साथ डीजे भी नहीं बजाने का निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या आने पर तुरंत पुलिस को सूचित करे ताकि समय रहते करवाई की जा सके । मौके पर मकसूद आलम,पूर्व मुखिया प्रो विमल प्रसाद,सरपंच जनार्दन कुमार, कृष्णा शर्मा,आदम अली,भागवत राय, पैक्स अध्यक्ष लाल बाबू राय सलामत हुसैन,सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे ।

समाजसेवी दीनानाथ सिंह के निधन की खबर से सारण में शोक की लहर

दैनिक खोज खबर/छपरा। गुरूवार की सुबह पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के भाई व समाजसेवी सुधीर सिंह युवराज के पिता दीनानाथ सिंह के निधन की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया है पूर्व से बीमार चल रहे दीनानाथ सिंह का इलाज के दौरान दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में निधन हो गया। इसकी जानकारी उनके पैतृक आवास मशरक में पहुंचने पर माहौल गमगीन हो गया। वहीं पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ पड़ी।

इसुआपुर में भी शोक की लहर- गुरुवार के सुबह जैसे ही महाराजगंज के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के छोटे भाई दीनानाथ सिंह की मौत की खबर आई पूरे इसुआपुर में शोक की लहर दौड़ गई. लोगों को विश्वास ही नहीं हो रहा था की दीनानाथ बाबू नहीं रहे दीनानाथ बाबू ने इसुआपुर के लोगों के लिए हमेशा संघर्ष किया है तथा उनके भलाई के लिए काम किया है .उनके बड़े पुत्र युवराज सुधीर सिंह तरैया विधानसभा से चुनाव भी लड़ चुके हैं .दीनानाथ बाबू की मृत्यु के पश्चात विधायक जनक सिंह ,पूर्व विधायक मुद्रिका प्रसाद राय ,प्रमुख जितेंद्र प्रसाद यादव, उप प्रमुख प्रतिनिधि डब्लू ओझा, सारण विकास मंच के संयोजक शैलेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व प्रमुख बेबी सिंह, राजकुमार राय, जिला पार्षद छविनाथ सिंह,जिला पार्षद की उपाध्यक्षा प्रियंका सिंह, पूर्व मुखिया सुनील चौरसिया ,राज किशोर सिंह , अरबिंद चौरसिया,मुखिया धनंजय पांडे,अजय राय,अजमल रहमानी,दीनदयाल राय, पूर्व मुखिया मनोज ,राय महाराणा प्रताप सिंह,बिजय सिंह, नागेंद्र तिवारी, सतनारायण राय, बीडीसी सदस्य हरेराम राम, सूरज श्रीवास्तव, नीरज तिवारी ,ठेकेदार झूलन प्रसाद कुशवाहा ,अमरनाथ प्रसाद,श्याम प्रसाद, फौजी एम डी वारिश,टिंकू सिंह, ढोलन सिंह,योगेंद्र सिंह, शैलेश चौबे ,मधु चौबे सहित दर्जन लोगों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

जिले के सभी निजी विद्यालयों में होगा भारत स्काउट गाइड दल का गठन

दैनिक खोज खबर/छपरा। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सत्र 2025-2026 के लिए जिले के सभी निजी विद्यालयों में भारत स्काउट और गाइड का दल गठन का निर्देश दिया गया है।इस हेतु जिला कार्यक्रम पदाधिकारी(समग्र शिक्षा)के द्वारा पत्र निर्गत कर सभी सीबीएसई एवम बिहार सरकार से पंजीकृत निजी विद्यालयों की आवश्यक बैठक सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल चांदमारी रोड छपरा में रविवार को बुलाई गई है।बैठक में सभी निजी विद्यालयों में दल पंजीयन करने के साथ विद्यालय स्तर पे स्काउटिंग गाइडिंग गतिविधि के संचालन के संबंध में विस्तृत चर्चा किया जायेगा।जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने कहा की इसके पूर्व भी पत्र के माध्यम से भारत स्काउट और गाइड दल गठन करने का निर्देश निजी विद्यालय के संचालकों को दिया जा चुका है।

युवा नेता प्रमोद सिग्रीवाल बने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने युवा नेता प्रमोद सीग्रीवाल को बिहार प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य बनाया है ।इस युवा नेता को उनकी उपलब्धियों से प्रभावित होकर उन्हे प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया है।उनकी इस उपलब्धि पर क ई गणमान्यो सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल , जिला अध्यक्ष बृजमोहन सिंह , जिला महामंत्री उमेश तिवारी , हेमनारायण सिंह, अमरजीत सिंह शिवाजी सिंह , जिला सोशल मीडिया प्रभारी दीपू चतुर्वेदी , मदन पंडित, कुश पाण्डेय, ब्रजेश रमण ,आनंद शंकर, अनिल सिंह,अनिल कुशवाहा ने बधाई दी है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण में सहयोग नहीं करने पर पांच आशा कार्यकर्ताओं से स्पष्टीकरण

दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)। मशरक प्रखंड कार्यालय के सभागार में आशा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी। हालांकि बैठक में कुछ आशा कार्यकर्ताओं ने सहयोग देने का विरोध किया और कार्य में सहयोग करने से इंकार कर दिया। बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि बैठक का उद्देश्य मतदाता सूची पुनरीक्षण विशेष कार्यक्रम की सफलता और आम लोगों में जागरूकता लाना है। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को इस अभियान की महत्ता समझाते हुए बीएलओ का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करने का विरोध करने पर 5 आशा कार्यकर्ता कोड संख्या 144 भागमणी देवी, कोड संख्या 70 अनिता देवी , 154 इन्दु देवी, 145 पुष्पा कुंवर और 71 धन मूर्ति देवी से स्पष्टीकरण की मांग करने और विभागीय कार्रवाई करने को प्रभारी चिकित्साधिकारी को लिखा गया है।

मुहर्रम पर्व शांति पूर्ण माहौल में मनाए जाने को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

दैनिक खोज खबर/बनियापुर। बनियापुर तथा सहाजितपुर थाना परिसर में मुहर्रम पर्व शांति पूर्ण माहौल में मनाए जाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में थानाक्षेत्र के सभी समुदायों के लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक को सम्बोधित करते हुए थानाध्यक्ष जीत मोहन कुमार ने बताया कि मुहर्रम के जुलूस निकालने हेतु लाईसेंस लेना अति अनिवार्य है। जुलूस के दौरान डीजे पर रोक रहेगी। वहीं घातक हथियार के साथ जुलुश में शामिल रहने वालों पर भी पैनी नजर रखी जायेगी। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। बनियापुर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार तथा सहाजितपुर थानाध्यक्ष जीत मोहन कुमार ने बताया कि जुलूस लाईसेंस में वर्णित मार्ग से गुजरना होगा। सभी समिति सदस्यों को सहयोगी रखना होगा। ताकि रास्ते से जुलूस के गुजरते समय अन्य यात्रियों को परेशानी नहीं हो। थानाध्यक्ष ने बैठक में शामिल लोगों से जुलूस के दौरान होने वाली परेशानियों से संबंधित जानकारी ली। अधिकारियों ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। बैठक में सीओ दीनानाथ कुमार भी उपस्थित थे। मुखिया मेराज अहमद, डॉ, अल्ताफ हुसैन, अमित कुमार सिंह, चुनमुन सिंह, सुरेश साह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

मांझी नगर पंचायत में विकास कार्यों में लूट खसोट की शिकायत

दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)। सारण जिला भाजपा के प्रवक्ता एवम मांझी के पूर्व जिला पार्षद अभिषेक कुमार उर्फ पंकज सिंह जिला पदाधिकारी को पत्र देकर मांझी नगर पंचायत में किये जा रहे विकास कार्यों में कथित रूप से अवैध वसूली एवम लूट खसोट का आरोप लगाया है। पत्र में उन्होंने आरोप लगाया है कि नगर पंचायत क्षेत्र में हाल की दिनों में निर्मित सड़क एवम नाला आदि के निर्माण में बड़े पैमाने पर लूट खसोट की गई है। उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के चयन में मानक के विपरीत लाभार्थियों का चयन करने तथा उनसे अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से समिति गठित कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। वहीं मुख्य पार्षद प्रतिनिधिविशाल कुमार उर्फ बिट्टू राय ने आरोपों को मनगढ़ंत एवं बेबुनियाद बताया।

मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर डीडीसी ने की बैठक

दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)। मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर के कार्यालय कक्ष में डीडीसी यतेन्द्र कुमार पाल ने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक में बीडीओ पंकज कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रेशमी प्रकाश, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार समेत अन्य मौजूद रहें। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर सभी पदाधिकारियों से समीक्षा की गयी वहीं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं चुनाव सभागार में आंगनवाड़ी सेविका और सहायिका की मौजूदगी में भी मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में लोगों को जागरूक करने के लिए बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बीडीओ पंकज कुमार और शिक्षा पदाधिकारी रेशमी प्रकाश ने संयुक्त रूप से सम्बोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की सफलता में सभी का सहयोग अपेक्षित है। आप इस अभियान की सफलता के लिए बीएलओ का सहयोग करें। अपने अपने पोषक क्षेत्र के लोगों को जागरूक कर सभी का नाम मतदाता सूची में सूचीबद्ध करवाना है। मौके शिक्षक संतोष सिंह, समेत सभी सेविका सहायिका मौजूद रहीं। 115- बनियापुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु बनियापुर एवं मशरक प्रखंड का क्षेत्र भ्रमण किया । क्षेत्र भ्रमण के क्रम में सभी बीएलओ को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत निदेश/प्रावधान के अनुरूप निर्धारित टाइम लाइन के अनुसार कार्य को पूरा करने का निदेश दिया गया।

चेतावनी : भूमिहीन परिवारों को उजाड़ा गया तो होगा आंदोलन

दैनिक खोज खबर/पानापुर(सारण)। प्रखंड के सारंगपुर जानकी चौक पर गुरुवार को भाकपा माले के जिला कमिटी के सचिव सभापति राय के नेतृत्व में कार्यकताओं एवं सारण तटबंध के किनारे बसे भूमिहीन लोगो की एक बैठक हुई .इस बैठक में सारण तटबंध के किलोमीटर 40 से किलोमीटर 80 के बीच चल रहे चौड़ीकरण कार्य के कारण सारण तटबंध पर बसे भूमिहीन परिवारों के विस्थापन की समस्या पर चर्चा की गयी. माले नेता सभापति राय ने

कहा कि सीओ द्वारा भूमिहीन परिवारों को बसावट के लिए जमीन उपलब्ध कराने की बात कही गयी थी लेकिन अबतक कोई पहल नही की गयी .वही विभाग द्वारा सारण तटबंध का चौड़ीकरण कार्य युद्धस्तर पर जारी है .उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भूमिहीन परिवारों को जबतक अन्यत्र जमीन नही मिलेगी वे अपना आशियाना नही उजड़ने देंगे और इसके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा .उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय का घेराव भी किया जाएगा ।

पांच हजार लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने का लक्ष्य

दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)। मांझी नगर पंचायत क्षेत्र के 671 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चयनित कर उन्हें पहली किश्त के रूप में एक एक लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है तथा उक्त योजना की दूसरी सूची में कुल एक हजार अतिरिक्त लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराने का प्रस्ताव अनुमोदन के लिए सम्बंधित विभाग के पास भेजा जा चुका है। इसकी जानकारी देते हुए मांझी नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि विशाल कुमार उर्फ बिट्टू राय ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में नगर पंचायत क्षेत्र के कुल पांच हजार लाभार्थियों को प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है तथा वार्ड पार्षदों के सहयोग से अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए वे सतत प्रयत्नशील हैं।

सोशल मीडिया पर गलत पोस्ट या गांवों की शांति भंग करने पर जाना होगा जेल :थानाध्यक्ष

दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)। मशरक थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने मुहर्रम पर्व को लेकर थाना क्षेत्र के गांवों में शाति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के लिए चेतावनी दी, उन्होंने मुहर्रम के पर्व पर आम लोगों से शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मुहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारे और त्याग का प्रतीक है, जिसे सभी समुदायों को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी प्रकार की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। थाना क्षेत्र के गांवों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और गश्ती भी बढ़ा दी गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट या टिप्पणियाँ साझा न करें, ताकि शांति और कानून-व्यवस्था बनी रहे। पुलिस हर स्थिति पर नजर रख रही है और किसी भी अराजक तत्व के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि आप सोशल मीडिया चलाते हैं तो सावधानी बरतें,यदा सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करते हैं या ग़लत कमेट करने की मंशा रखते हैं तो आप पर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। आपको बता दें कि मुहर्रम का त्योहार शांति और सौहार्द्र के साथ मनाने को लेकर मशरक थाना में शांति समिति की बैठक भी आयोजित किया गया। बैठक में थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने कहा कि शांति व्यवस्था कायम रखने में आप सभी पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। प्रशासन आप सभी के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि हुड़दंगियों को किसी किसी भी सूरत मे बख्शा नहीं जाएगा। किसी भी तरह की अनहोनी होने पर अविलंब पुलिस प्रशासन को सूचित कर शांति व्यवस्था बनाने में अपनी सहभागिता दिखाये।

मुहर्रम में प्रशासन सतर्क, डीजे बजाने पर रोक, लाइसेंस के लिए आवेदन जरूरी : एसपी ग्रामीण

दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)। मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर में ग्रामीण एसपी शिखर चौधरी ने मुहर्रम पर्व को लेकर प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में डीएसपी अमरनाथ, बीडीओ पंकज कुमार और थानाध्यक्ष रणधीर कुमार मौजूद रहें। समीक्षा बैठक में सभी ने मुहर्रम पर्व पर विधि व्यवस्था को लेकर रणनीति बनाई। एसपी शिखर चौधरी ने कहा कि मोहर्रम पर्व के मौके पर प्रशासन की हर गतिविधि पर पैनी निगाह रहेगी , वहीं डीजे बजाने वाले पर जब्त करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इलाके के हर गतिविधि पर विशेष नजर रखी जा रही हैं। डीजे संचालकों के साथ थाना स्तर पर बैठक कर सभी से बांड भरवा लिया गया है कि कोई भी डीजे बजाने का साटा नही करेंगे। मुहर्रम के दिन हर इलाके में विशेष पुलिस बल और मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा एसपी शिखर चौधरी ने कहा कि पर्व पूरी तरह से शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। यह हर किसी की जिम्मेवारी है। इसमे सभी सहयोग करें। अगर कोई व्यक्ति शांति में व्यावधान डालने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ताजिएदारों, खलिफाओं व गेटधारकों को निर्धारित रूट और समय से जुलूस निकालने व संपन्न कराने की अपील की गई।

कन्हौली में पुस्तक वितरण सह सम्मान समारोह आयोजित

दैनिक खोज खबर/बनियापुर(सारण)। सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत राष्ट्रभाषा हिन्दी के विकास एवं हिन्दी साहित्य के प्रचार-प्रसार और पुस्तक संस्कृति के उन्नयन के लिये सांसद ऐच्छिक कोष से गुरुवार को एम.डी उच्च विद्यालय कन्हौली में पुस्तक वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।बतौर मुख्य अतिथि महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल एवं विशिष्ट अतिथि सदर एसडीओ नीतेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि पुस्तक ही एक ऐसा माध्यम है,जो हमे अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का मार्ग प्रशस्त करता है।ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को सतत रूप से पुस्तकों का अध्ययन करते रहना चाहिए।वही सदर एसडीओ ने भी शिक्षा की महत्ता पर चर्चा करते हुए पुस्तकों के अध्ययन पर जोर दिया।इस दौरान

कार्यक्रम का उदघाटन करते सांसद

बनियापुर, लहलादपुर एवं जलालपुर प्रखंड के 20-20 शैक्षणिक संस्थानों को हिन्दी साहित्य से संबंधित महान लेखकों की पुस्तके और अलमीरा का वितरण किया गया।इस अवसर पर सारण जिले के हिन्दी एवं भोजपुरी साहित्य के तीन साहित्यकार आचार्य शुभ नारायण सिंह 'शुभ', राजेन्द्र गुप्ता एवं ओमप्रकाश सिंह को सांसद ने सम्मान पत्र एवं अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।मौके पर जिला योजना पदाधिकारी राहुल रंजन,संयोजक मुकेश कुमार,भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह,जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रियंका सिंह,प्राचार्य एम.डी.हाई स्कूल विजय कुमार, अजीत सिंह, धीरज सिंह दीपू चतुर्वेदी कान्तु ठाकुर मंडल अध्यक्षलेंद्र शर्मा, मणि भूषण दुबे, जितेंद्र पुरी, शिवनारायण सिंह पटेल सहित दर्जनों शिक्षकगण,छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

फतेहपुर भगवानपुर में जमीनी विवाद को लेकर गोलीबारी, तीन लोग घायल, पीएमसीएच रेफर

दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)। फतेहपुर पंचायत के फतेहपुर भगवानपुर गांव में बुधवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई, जो देखते ही देखते गोलीबारी में बदल गई। इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जख्मियों की पहचान मनोज राय, अशोक राय और रणधीर किशोर के रूप में हुई है।घायलों को पहले दरियापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए लाया गया, जहां से उनकी हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने पटना पीएमसीएच रेफर कर

दिया।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक छोटेलाल राय मौके पर पहुंचे और घायलों से मुलाकात की। उन्होंने घटना पर चिंता जताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की।यह घटना अवतार नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आती है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए गांव में कैंप कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों में घटना को लेकर दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों के अनुसार लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था, जो आज खूनी संघर्ष में बदल गया।

विद्युत चोरी के आरोप में अंग्रेजी बजार सोनपुर के एक उपभोक्ता खिलाफ एफआइआर दर्ज

दैनिक खोज खबर/सोनपुर। विद्युत ऊर्जा की चोरी करने एवं तार, मीटर के साथ छेड़छाड़ करने क़े लेकर सहायक विद्युत अभियंता शंभू कुमार के निर्देश पर विभाग की टीम ने छापामारी अभियान शुरू कर दी है। इसी क्रम में सोनपुर नगर पंचायत के एक उपभोक्ताओं के खिलाफ विधुत चोरी करने क़े जुर्म में विद्युत विभाग के टीम ने थाने में प्राथमिककी दर्ज की है। उक्त बात की जानकारी देते हुए सुरज कुमार, कनीय विधुत अभियंता ने गुरुवार को बताया कि रचना पंडित पिता राधे पंडित नगर पंचायत कुम्हार टोली ने मेन सर्विस वायर में मीटर से पहले तार को टेपिंग कर दूसरे तार द्वारा मीटर को बाईपास कर विधुत उर्जा का उपयोग अवैध रूप से किया जा रहा था। जिससे विभाग को ? 66674 /- की क्षति हुई है। इनके खिलाफ हरिहरनाथ थाना में नामजद एफ़ाइआर दर्ज किया गया है। छपामारी दल में कुमार तेजस्वी,रामवचन कुमार, टुन्ना कुमार सहित अन्य विधुत कर्मी मौजूद रहे।

सोनपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी रंजीत कुमार का तबादला रुका

दैनिक खोज खबर/सोनपुर। सोनपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी रंजीत कुमार का तबादला 24 घंटे के भीतर निरस्त हो गया। वे कार्यपालक पदाधिकारी बने रहेंगे। इससे पहले 30 जून को विभाग के द्वारा सोनपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी रंजीत कुमार का ट्रांसफर उप नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी कर दिया गया था जबकि गड़हनी नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी श्रीमती मेघा का सोनपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति आदेश निकला था लेकिन विभाग ने इसे टंकण त्रुटि मानते हुए नया स्थानांतरण पदस्थापना आदेश निकाला। रंजीत कुमार के स्थानांतरण होने के बाद जहां 2 गुटों में से एक गुटों क़े लोगों को खुशी तो दूसरे खेमे के लोगों में नाराजगी था। जैसे ही ट्रांसफर पोस्टिंग रंजीत कुमार के रुका वैसे ही उनके चेहते लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्हें फूल माला पहनकर स्वागत किया जबकि दूसरे गुटों के लोग तरह-तरह के बयान बाजी करना शुरू कर दिया है। यह भी बताते कि कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में रंजीत कुमार यहां हमेशा चर्चाओं में रहे है। मुख्य पार्षद से लेकर पूर्व नगर अध्यक्ष व उप मुख्य पार्षद और कई पार्षद गण उन पर मनमानी का आरोप लगाते रहे है। वही कार्यपालक पदाधिकारी का कहना है कि गलत कार्य का विरोध में सदैव करते रहेंगे।अब देखना यह है कि उनके स्थानांतरण तो रुक गया लेकिन वह अपने रूठे हुए वार्ड पार्षद एवं जनता को अपने मन मिजाज से उन्हें मनाने में कामयाब होते हैं या फिर आरोप प्रत्यारोप का खेल चलता रहेगा।

गिरफ्तार बदमाशों में धीरज के खिलाफ विभिन्न थानों में हैं दर्ज

परवेज अख्तर/सीवान। भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के मोरा खास पंचायत के बनपुरा गांव स्थित हनुमान मंदिर के पास किसी बड़े आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे पांच बदमाशों को थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने दलबल के साथ छापेमारी कर दबोच लिया जबकि अन्य बदमाश भागने में सफल रहे। उक्त बदमाशों के पास से दो कट्टा, पांच गोली व दो बाइक भी बरामद की गई। पुलिस सूत्र के अनुसार उक्त बदमाशों के कारण क्षेत्र में बाहरी बदमाशों का आना- जाना शुरू हो गया था। पकड़े गए बदमाशों में एक बदमाश महम्मदा निवासी धीरज यादव उर्फ हनुमान पर भगवानपुर हाट थाना में 2024 के अक्टूबर में थाना कांड संख्या 410 / 024 दिनांक 21. 10. 2024 धारा 126 (2) / 115 (1) / 109 / 303 (2) बीएनएस तथा बसंतपुर थाना कांड संख्या 354/ 025 दिनांक 8. 6. 2025 धारा 309 (4) बीएनएस के तहत अभियुक्त है। गिरफ्तार अन्य बदमाशों में सोंधानी निवासी चंदन पटेल तथा रामपुर कोठी निवासी सतीश कुमार, गोलू कुमार एवं सचिन कुमार शामिल हैं। जानकार सूत्र के अनुसार एक जुलाई की रात्रि हथियार से लैस बदमाशों की गिरफ्तारी के बाद थानाध्यक्ष के सूचना पर पुलिस कप्तान मनोज तिवारी थाना पहुंचकर बदमाशों से गहन पूछताछ की थी। वहीं उक्त बदमाशों की गिरफ्तारी से आम लोगों ने राहत की सांस ली है।

दिव्यांग शिविर में 95 का हुआ रजिस्ट्रेशन

सीवान। रघुनाथपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी में बुधवार को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जांच के दौरान 95 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया। जिला टीम में सौम्या रंजन साहू , आडियोलाजिस्ट ज्ञानेंद्र सिंह, गोपाल तिवारी, गोपाल तिवारी आदि मौजूद थे। रंजन साहू ने बताया कि कुल शिविर में कुल 95 दिव्यांगों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। इसमें 20 सीनियर सिटीजन का नाम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि दिव्यांगों एलिंको द्वारा यंत्र में ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, सीपी चेयर, स्मार्ट ब्लाइंड केन, ब्लाइंड स्मार्ट फोन, टीएलएम किट, श्रवण यंत्र आदि उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं वरिष्ठ नागरिकों के लिए एलिंको द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली यंत्र में घुटने का ब्रेस, एलएस बेल्ट, सरवाइकल कालर, वाकिंग स्टिक, कमोड व्हील केयर, सिलिकान कुशन, श्रवण यंत्र शामिल है। इस मौके पर मुखिया विमलेश प्रसाद, बीडीसी प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार चौरसिया आदि उपस्थित थे।

मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

सीवान। असांव थाना क्षेत्र के लोहगाजर में एक जून की रात पुलिस ने छापेमारी कर मारपीट मामले के आरोपित गांव के ही लखीचंद साह हो गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष राजशेखर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित को बुधवार को जेल भेज दिया गया।

मारपीट मामले में प्राथमिकी

भगवानपुर हाट (सिवान)। थाना क्षेत्र के सुघरी गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट मामले में पीड़ित जहांगीर अंसारी ने थाना में आवेदन देकर सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। इस मामले में गांव के ही अजमुल्लाह अंसारी, हाशिम अंसारी, अजहर अंसारी, मुस्लिम अंसारी, मिन्हाज अंसारी तथा अख्तर अंसारी समेत सात लोगों को आरोपित किया गया है।

जाली नोट के साथ एक गिरफ्तार,पूछताछ जारी

परवेज अख्तर/सीवान। बसंतपुर थाना क्षेत्र के कन्हौली से पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर बुधवार को जाली नोट के साथ एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से 500 रुपये के दो नकली नोट बरामद किए गए हैं। फिलहाल पुलिस कुछ भी बताने से इन्कार कर रही है। पुलिस का कहना है कि अभी पूछताछ व मामले की जांच की जा रही है।जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। बताया जाता है कि पकड़ा गया व्यक्ति नकली नोट छापने के कार्य में संलिप्त है। उसका एक गिरोह है जो जाली नोट छापने व बाजार में चलाने का कार्य करता है। चार के अलावा अन्य लोग भी गिरोह में शामिल है जो मौके से फरार हैं। पहले भी बसंतपुर सहित गोरेयाकोठी प्रखंड से भी संदिग्धों के पास काफी मात्रा में जाली नोट पुलिस बरामद कर चुकी है। लाखों रुपये के जाली नोट पहले भी पकड़े जा चुके हैं।थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि व्यक्ति को पकड़ा गया है। जाली नोट भी उनके पास बरामद हुआ है।अभी पकड़े गए संदिग्ध से पूछताछ की जा रही है। मामले की छानबीन के बाद खुलासा कर दिया जाएगा।

उपेंद्र का शव पहुंचते ही स्वजनों के रोने से माहौल हुआ गमगीन

परवेज अख्तर/सीवान। पोस्टपार्टम के बाद उपेंद्र यादव का शव घर पहुंचते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। उपेंद्र यादव की पत्नी पत्नी मीरा देवी, मां समेत अन्य स्वजनों के रोने से वहां उपस्थित लोगों की आंखें नम हो जा रही थी। शव आने व स्वजनों को रोता देख उपेंद्र का बेटा अंकुश व पुत्री अनुष्का को कुछ समझ ही नहीं आ रहा था जबकि सबसे छोटा पुत्र अयांश गोद में इन सब घटना से बेखबर था। लोग चर्चा कर रहे थे कि ऊपर वाले ने परिवार पर दुखों का पहाड़ ही तोड़ दिया है। अभी बच्चों ने ठीक से दुनिया भी नहीं देखी और सिर से पिता का साया ही उठ गया। लोग यह भी चर्चा कर रहे थे कि जब उपेंद्र छोटा था, उसी समय उसके सिर से भी पिता का साया उठ गया था। बताते हैं कि उपेंद्र ने परिवार की उचित देखभाल के लिए घर के नजदीक ही एक दुकान खोल ली थी। वहीं व पार्ट टाइम में फ्रीज मैकेनिक का भी काम करता था। गुरुवार को घटनास्थल के आसपास के लोग थोड़े उग्र दिखे। उनका कहना था कि अगर प्रशासन वाहनों की गति नियंत्रित नहीं कर सकती, तो उसे दुर्घटना संभावित जगहों का चयन कर स्पीड ब्रेकर बनवानी चाहिए।

योजनाओं का सत प्रतिशत दिलवाएं लाभ- निरुपम

दैनिक खोज खबर/सीवान। समाहरणालय स्थित सभागार में गुरुवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया. प्रेस वार्ता के दौरान दिल्ली से आए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य निरुपम चकमा ने कहा कि सीवान जिला में अनुसूचित जनजाति के 87 हजार आबादी है. जहां सरकार द्वारा चलाई जारी विभिन्न योजनाओं का लाभ सभी लोगों को मिल रहा है. वहीं उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी सबको लाभ मिलता रहेगा .पदाधिकारीयोन के साथ भी बैठक में उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि अनुसूचित जनजाति के जितने भी आबादी जिले में है उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का सत प्रतिशत लाभ दिलाए जाए. यदि किसी भी प्रकार की शिकायत मिलती है तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा .मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जिले में जो भी अनुसूचित जनजाति के छात्रावास हैं. उसकी स्थिति सामान्य है यदि किसी प्रकार की कमी होती है तो इसकी शिकायत संबंधित पदाधिकारी को किया जाए. जहां शिकायत का तुरंत निवारण कराया जाएगा. वहीं उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्र एक ही छात्रावास में रहते हैं इस पर भी सरकार की नजर है.

सीवान : मुहर्रम पर्व के दौरान जुलूस को लेकर लेना होगा लाइसेंस : डीएम

परवेज अख्तर/सीवान। मुहर्रम के अखाड़ों के लिए लाइसेंस अनिवार्य है। जुलूस में हाथी, घोड़ा, ऊंट, डीजे को शामिल करना प्रतिबंधित है। मुहर्रम को शांति ढंग से मनाने में सभी सहयोग करें। हुड़दंगियों पर कार्रवाई होगी। लाइसेंस में निर्धारित मार्ग पर से ही अखाड़ा को पहलाम के लिए लेकर कर्बला तक जाना होगा। चिह्नित संवेदनशील स्थानों पर थानाध्यक्षों की ओर से निगरानी की जाएगी। इस संबंध में जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश ने बताया कि लाईसेंसधारी हमेशा जुलूस के साथ अपनी लाईसेंस रखेगे तथा दंडाधिकारी या पुलिस पदाधिकारी के द्वारा मांगे जाने पर जुलूस का लाईसेंस दिखाएंगें। किसी भी मेला या सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं होगा। जुलूस में अंकित तिथि, समय एवं रूट का दृढ़ता से पालन किया जाएगा। यह लाईसेंस किसी भी प्रकार के ऐसे गाने / बजाने / प्रदर्शन की अनुमति नहीं देता है, जो पब्लिक न्यूसेंस की श्रेणी में आता है। जुलूस का उल्लेखित स्थानों के अलावा अन्य स्थानों पर रूके बिना अपने प्रारंभिक स्थान से गंतव्य स्थान तक उचित गति से लगातार आगे बढ़ेगा। जुलूस इस तरह से चलेगा कि जनता द्वारा सड़क या राजमार्ग के सामान्य उपयोग में हस्तक्षेप न हो। यह सड़क के बायी ओर रहेगा और अस्पताल / मंदिर/मस्जिद से गुजरते समय गाना बजाना या हल्ला गुल्ला बंद कर देगा। किसी भी जगह पर किसी भी प्रकार की आतिशबाजी नहीं की जाएगी। डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। लाउडस्पीकर का प्रयोग नियम के अनुसार एवं सक्षम प्राधिकार से अनुमति प्राप्त कर ही किया जाएगा। लाईसेंसधारी ही लाउडस्पीकर के माईक एवं गाने बजाने के नियंत्री होगें तथा पूर्ण रूप से इसके जिम्मेवार होगें। घातक अस्त्र शस्त्र तथा तलवार, भाला, बरछी, कुल्हाड़ी, फरसा, हाकी स्टीक, कटार इत्यादि पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। जुलूस में अंकित लाठी की संख्या से अधिक का प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा। लाईसेंसधारी अपना मोबाईल पूरे जुलूस के दौरान स्वीच आन मोड में रखेगें एवं प्रशासनिक पदाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी का फोन उठाएगें। नियत समय में जुलूस का समापन किया जाएगा। धर्म, वंश, जन्म स्थान, निवास स्थान, भाषा इत्यादि के आधार पर या विभिन्न व्यक्तियों/ समुहों के बीच सौहार्द बिगाड़ने वाले किसी भी प्रकार विवादित भाषण/ उद्घोषणा पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। लाईसेंसधारी जुलूस के साथ विशिष्ठ पहचानयुक्त स्वयंसेवी रखेगें जो जुलूस को नियंत्रित रखेंगे एवं प्रशासन को सहयोग करेगें। किसी भी प्रकार के राजनीतिक व्यंगात्मक पोस्टर/स्लोगन/नारा/कार्टून जुलूस के साथ नहीं रहेगा और ना ही इस प्रकार की कोई उद्घोषण/ घोषणा / नारा लगाया जाएगा। समिति की ओर से पूरे जुलूस की विडियोग्राफी कराई जाएगी, जिसकी सीडी मांगे जाने पर प्रशासन को उपलब्ध कराई जाएगी। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग 10 बजे रात्रि से सुबह 6 बजे के बीच नहीं करेगें। लाइसेंसधारी के सभी सदस्य जुलुस के साथ रहेगें एवं अपना आईडी/ आधार साथ रखेंगे। जुलुस के दौरान कोई भी व्यक्ति अपने पहचान छुपाने हेतु मुंह को ढककर नहीं रखेंगे। जिस रूट/स्थान से जुलूस निकलेगा या खेलेगा, वहां कोई अवशेष या समान नहीं छोड़ेगे। बिहार में पूर्ण शराबबंदी होने के चलते नशीले पदार्थ यथा शराब ताड़ी, गांजा तथा अन्य किसी भी तरह के नशीले पदार्थ का सेवन पूर्णतः वर्जित है। अगर नशायुक्त व्यक्ति पकडे जाते है तो नशा युक्त व्यक्ति के साथ साथ आयोजनकर्ता पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक 200 व्यक्तियों पर एक जुलूस लाईसेंस निर्गत होगा, जिसमें कम से कम 20 व्यक्ति का मोबाइल नंबर, आधार कार्ड देना होगा, इसमें नाबालिक एवं बुजुर्ग शामिल नहीं होंगे। शर्तो के उल्लंघन की स्थिति में अनुज्ञप्तिधारियों के विरुद्ध विधि-सम्मत कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

लोजपा की बैठक में लोजपा नेता के कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान

दैनिक खोज खबर/सिवान। बसंतपुर प्रखंड के बेलथरा में लोजपा (आर) के गोरेयाकोठी विधानसभा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बसंतपुर प्रखंड अध्यक्ष ललित मांझी एवं संचालन विस्तार प्रमुख विवेक रंजन ने किया। बैठक में छह जुलाई को छपरा राजेंद्र स्टेडियम में लोजपा (आर) नेता सह खाद्य व प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान के कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया। लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह सिवान कार्यक्रम प्रभारी अभय सिंह ने कहा कि लोजपा (आर) नेता चिराग पासवान छह जुलाई को छपरा राजेंद्र स्टेडियम में नव संकल्प महासभा को संबोधित करेंगे। इसमें गोरेयाकोठी विधानसभा क्षेत्र से काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसमें पार्टी के सभी सांसद उपस्थित रहेंगे। यह रैली ऐतिहासिक होगी। लोजपा जिलाध्यक्ष महादेव पासवान ने कहा कि यह रैली आने वाला विधानसभा के चुनाव में सारण प्रमंडल में पार्टी की मजबूती एवं संगठन को मजबूती प्रदान करेगी। प्रदेश में एनडीए की सरकार बनाने में इस बार लोजपा कार्यकर्ता की भूमिका सराहनीय रहेगी। इस दौरान चिराग पासवान के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। उन्होंने कहा कि शोषित, वंचित, गरीब को हर घर से छपरा पहुंचना है। इस मौके पर राजा पासवान, अनिल पासवान, राहुल पासवान, धर्मेंद्र गहलोत, कुंती देवी आदि उपस्थित थे।

शराब पीने के आरोप में चार गिरफ्तार, जेल

सीवान। असांव थाना की गश्त दल ने एक जून की शाम धूमनगर व डेहुरा में शराब पीकर हंगामा कर रहे चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इसके थानाध्यक्ष राजशेखर ने बताया कि चारों आरोपितों को आगे की कार्रवाई के लिए बुधवार को न्यायालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया गिरफ्तार लोगों में धूमनगर निवासी परवीन कुमार राजभर, राजेश राजभर एवं डेहुरा निवासी विपिन कुमार राजभर एक अन्य शामिल है।

गोरेयाकोठी व तरवारा के सड़क दुर्घटना में दो की मौत, एक घायल

परवेज अख्तर/सीवान। जिले में 24 घंटे के अंदर अलग-अलग हुई सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक युवक घायल हो गया। घायल का उपचार सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं पुलिस दोनों शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को सदर अस्पताल भेज दिया। मृतकों में गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद निवासी उपेंद्र यादव तथा जीबी नगर थाना क्षेत्र के भरतपुरा निवासी दहाड़ी शर्मा के पुत्र विश्वकर्मा शर्मा उर्फ धनु शर्मा के रूप में हुई। जबकि समाचार प्रेषण तक घायल की पहचान नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि विश्वकर्मा शर्मा उर्फ धनु शर्मा गुरुवार की शाम किसी काम से दीनदयालपुर गया था। वह अपनी बाइक से घर से लौट रहे थे तभी दीनदयालपुर जीन बाबा के समीप सामने से आ रही दूसरी बाइक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस दौरान विश्वकर्मा शर्मा उर्फ धनु शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने की मदद से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। समाचार प्रेषण तक घायल बाइक चालक की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं दूसरी ओर गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के अफराद-गोरेयाकोठी मार्ग पर गोपालपुर गांव के समीप ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मुस्तफाबाद निवासी उपेंद्र यादव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि उपेंद्र यादव बुधवार की शाम किसी काम के लिए छितौली जाने की बात कह घर से निकला। जैसे ही वह गोपालपुर गांव के समीप पहुंचा, ट्रक चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना के समय बाइक की रफ्तार कम थी, वहीं ट्रक चालक यातायात के नियमों की अनदेखी कर तेजी से वाहन चला रहा था। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा ट्रक को कब्जे में ले लिया। वहीं गंभीर रूप से घायल उपेंद्र यादव को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजवाया जहां देर शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस नेता डा. ख्वाजा एहतेशाम अहमद अस्पताल पहुंच संबंधित अधिकारियों से बात कर समस्या का हल कराया।

दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

हुसैनगंज(सीवान)। थाना क्षेत्र के बड़रम निवासी राधा कुमारी ने अपने पति सहित ससुराल वालों पर दहेज की मांग पूरी होने पर मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लगाया है। इस मामले में पति समेत सात लोगों पर मारपीट करने तथा जाने से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। राधा कुमारी ने कहा है कि उसकी शादी 2022 में गुठनी थाना के बेलौर निवासी घूरा यादव के पुत्र मनु यादव से हुई थी। शादी के छह महीने बाद पति मनु यादव, ससुर घुरा यादव, भसुर विनोद यादव, सास विद्यावती देवी, गोतनी पूनम देवी, देवर पिंटू यादव एवं श्रीकांत यादव ने मिलकर दहेज में पांच लाख रुपये, बाइक एवं सोने की चेन की फरमाइश करने लगे। जब मैंने कहा कि इतना देने के लिए मेरे मायके वाले की हैसियत नहीं है तो वे सभी नाराज होकर मुझे मारने-पीटने लगे। मैंने इसकी सूचना मायके वालों को दी। मेरा भाई पहुंचकर पंचायती करा समस्या का समाधान कराया। पुनः 27 जून की रात्रि मेरे ससुर, सास समेत अन्य स्वजन मुझे मारपीट कर घर से निकाल दिया। इस मामले में थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि सभी आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

गुठनी:पेड़ की कटाई कर रहे मजदूर की मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

परवेज अख्तर/सीवान। गुठनी थाना क्षेत्र के टेकनिया गांव में पेड़ की कटाई कर रहे एक मजदूर की मौत उसके शरीर पर पेड़ की डाली गिरने से हो गई। पेड़ कटवा रहे ठेकेदार द्वारा त्वरित संज्ञान नहीं लेने के कारण आक्रोशित ग्रामीण टेकनिया कुटी के समीप रामजानकी मुख्य मार्ग पर शव रख सड़क जाम कर दिया तथा मृतक के स्वजन के उचित मुआवजा दिलाने की मांग करने लगे। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के पड़री निवासी झिंगन राम के पुत्र किशोर राम (42) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि किशोर राम सिवान के लकड़ी कारोबारी बबलू खां के लिए टेकनिया गांव में सी बबूल का पेड़ काट रहा था। पेड़ काटने के दौरान पेड़ की एक डाली किशोर के सिर पर गिर गई जिससे वह वहीं दब कर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके घायल होने पर साथ काम कर रहे मजदूरों ने ठेकेदार बबलू को फोन किया, लेकिन ठेकेदार द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया और कुछ देर में उसका मोबाइल बंद हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से साथ काम कर रहे मजदूर किशोर को अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। किशोर की मौत होते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गए और टेकनिया कुट्टी के समीप सड़क पर शव रखकर सड़क जाम कर प्रदर्शन करने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर पड़री मुखिया ललन सिंह तथा विसवार मुखिया प्रतिनिधि गजराज राम व अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की। आक्रोशित ग्रामीण उचित मुआवजे की मांग पर डटे रहे।

बैनामा के 87 साल बाद माले ने झोपडी डालकर लगाया झंडा

नौतन(सीवान)। थाना क्षेत्र के ठाकुर के रामपुर गांव में माले कार्यकर्ताओं ने पार्टी का झंडा गाड़ 87 साल बाद एक जमीन पर दखल करने का प्रयास किया हैं. जिसको लेकर तनाव उत्पन्न हो गया है. उक्त जमीन पर माले समर्थकों द्वारा झपडी रखकर उसपर पार्टी का झंडा लगाकर महिलाओं को उसके नीचे बैठा दिया गया है. इस संबंध में उक्त गांव निवासी सुनील मिश्र ने बताया कि मुस्मात दुलरी पति बिजली पासी से मैंने कुंती कुंवर ने 6 कट्ठा 4 धुर जमीन 21 मार्च 1938 में बैनामा प्राप्त किया है और तभी से दखल कब्जा में चली आ रही है. जिसे दिनांक 01 जुलाई 2025 को सुबह 5 बजे के आसपास हाथ में लाठी डंडा, झंडा एवं घातक हथियार के साथ दर्जनों माले समर्थक लोग जमीन पर पहुंचकर बांस खंभा गाड़कर फुस की पलानी रख दिया. जबकि उक्त जमीन में मेरे द्वारा मक्का की फसल लगाई जा चुकी थी. उन सबका विरोध किया तो गाली गलौज करते हुए मारपीट की धमकी देते हुए 5 लाख रुपए रंगदारी देने या उक्त जमीन को बैनामा रजिस्ट्री करने की मांग करने लगे .अन्यथा ग़लत केस में फंसाने व जान से मारने की धमकी देने लगे. इसकी सूचना 112 पर फोन करके पुलिस को दिया, पुलिस को आते देख सभी लोग भाग चलें. घटित घठना की जानकारी स्थानीय पुलिस, एसपी , एसडीपीओ मैरवा, पुलिस निरीक्षक मैरवा, अंचलाधिकारी नौतन तथा जिला पदाधिकारी सीवान को देते हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने तथा उचित कार्रवाई करने की मांग की है. वहीं समाचार लिखे जाने तक उक्त जमीन पर झंडा लगा हुआ पलानी दिख रही थी. इसको लेकर जगह-जगह चर्चा बनी हुई है तथा तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है. इस संबंध में नौतन थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ हैं.मामले की जांच की जा रही हैं.

सांसद ने रेलवे कार्य का किया निरीक्षण, 27 करोड़ की लागत से हो रहा कार्य

सिवान। महाराजगंज रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को क्रासिंग, रैक हैंडलिंग एवं अंडरपास के निर्माण को लेकर चल रहे कार्यों का निरीक्षण सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने किया। सांसद ने सेक्शन इंजीनियर उपेंद्र कुमार सिंह से महाराजगंज रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी ली। सांसद ने निर्माण कार्यों का जायजा लेने के बाद रेलवे नक्शा का गहनता से निरीक्षण। किया। इंजीनियर उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि महाराजगंज रेलवे स्टेशन पर कितने की लागत से क्या- क्या चीज का निर्माण कराया जाएगा। निरीक्षण के बाद सांसद ने प्रेस वार्ता कर बताया कि महाराजगंज रेलवे स्टेशन पर लगभग 27 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह महाराजगंज के लिए रेलवे के क्षेत्र में बहुत बड़ी उपलब्धि है। बाजार के तरफ से नया स्टेशन भवन का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। पश्चिम के तरफ से सड़क और नाला का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह एक तरह से बाइपास सड़क का कार्य करेगा। साथ ही पूर्व के तरफ का सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। इसके अलावा फूट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य, रैक हैंडलिंग साइडिंग का निर्माण तथा अंदर पास का निर्माण कर चल रहा है। इस मौके पर भाजपा के पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद, उपाध्यक्ष संजय सिंह राजपूत, मोहन कुमार पद्माकर, भाजपा मंत्री अजय कुमार सिंह, डा. त्रिपुरारी शरण सिंह आदि उपस्थित थे।

संवेदनशील इलाकों में होगी जवानों की तैनाती-एसडीपीओ

दैनिक खोज खबर/सीवान। मुहर्रम पर्व को लेकर नगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई. बैठक की अध्यक्षता सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह ने किया. इस बैठक में त्याग,तपस्या और बलिदान के पर्व मुहर्रम के सफल आयोजन पर विचार विमर्श किया गया साथ ही साथ संवेदनशील स्थानों को चिह्नित किया गया।. सुरक्षा के दृष्टिकोण से आरक्षी तथा दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति के संबंध में विचार विमर्श किया गया. बताते चलें कि आगामी 5 जुलाई को रात में तथा 6 जुलाई को दिन में ताजिया निकाला जाएगा. एसडीपीओ ने उपस्थित लोगों से सहयोग करने का अपील किया और अफवाह से बचने का औरअनुशासन के साथ ताजिया निकालने का निवेदन किया. वही दूसरी तरफ मुफस्सिल थाना परिसर में थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक की गई.बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के सरपंच, मुखिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे. जहां थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास ने कहा कि भाईचारे के साथ मिलजुल कर मोहर्रम का पर्व मनाए. यदि किसी प्रकार का अफवाह कोई फैलता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें. वही संवेदनशील इलाकों में मजिस्ट्रेट और पुलिस की तैनाती की जाएगी .साथ ही थाना की गश्ती वाहन भी अपने क्षेत्र में लगातार ग्स्त करती रहेगी. बैठक में पंकज सर्राफ,मो कलीम, राजीव रंजन राजू,दयानंद ,फजल अली, उमेर फरीद,खैरूल बसर, चांद अली,मो इजहार,प्रकाश सोनी,प्रो असरार,संजय कुमार श्रीवास्तव,जनमेजय ,हब्बू , अभय ,अजय कुमार,डॉ अली असगर,आमिर नसीम ,संजय सोनी उपस्थित थे.

मुहर्रम की तैयारी में जुटे मुस्लिम समुदाय के लोग

दैनिक खोज खबर/सीवान। पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाए जाने वाला मातम का त्योहार मोहर्रम की तैयार जोर शोर से शुरू हो गई है. मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में जगह जगह एक्सपर्ट कारिगरों द्वारा आर्कषक ताजियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है. जिले भर में 06 जुलाई को अखाडे व ताजिया जुलूस निकाले जायेगे. इसके लिये सभी ताजिया कमेटी ने जिला प्रशासन से लाइसेंस ले लिया है. त्यौहार के दौरान निकाले जाने वाले जुलूस को लेकर अभी से ही धार्मिक झंडो की खरीदारी की जा रही है. वहीं कई युवा ताजिया बनाने की जुगत में लग गए हैं. इधर बाजार में विभिन्न प्रकार के ताजिए उपलब्ध हैं. ताजियों में नई तकनीक का भी इस्तेमाल किया गया है. डिजिटल लाइटिंग वाले ताजिए खास आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं. कांच, पन्नी और फूलों से सजे पारंपरिक ताजिए भी लोगों को पसंद आ रहे हैं. बाजार में अन्य धार्मिक सामान भी उपलब्ध है. इनमें अलम, झूले, नकली पालने, शमशीर और ढाल शामिल हैं. इमामबाड़ा सजाने की सामग्री और काला कपड़ा भी बिक रहा है.मातमी बैंड के लिए ढोल, ताशे और माइक सिस्टम की बिक्री भी हो रही है.स्थानीय कारीगर महीनों से इन ताजियों को तैयार कर रहे हैं. हर ताजिए में उनकी मेहनत और कला साफ दिखाई देती है. तबर्रुक के लिए सूखे मेवे, बताशे और गुलाबजल की शीशियां भी बाजार में मौजूद हैं.

लाठी का करतब का युवा कर रहे अभ्यास-मुहर्रम को लेकर मुहल्लों में ढोल बजने शुरू हो गये हैं.खासकर युवा व बच्चे मुहर्रम के आगमन को लेकर पूरे जोश में है. शहर से लड़कर ग्रामीण क्षेत्रो में निकाले जाने वाले ताजिया जुलूस में अपना कर्तव्य दिखाने के लिए युवा व बच्चे इन दिनों पूरी जोर-शोर से अभ्यास में भी लगे हुए हैं. सप्तमी से पूर्व संध्या शहर में कई मुहल्लों से जुलूस निकाली जायेगी. जबकि 6 जुलाई को सुबह पूरे जिले में ताजिया जुलूस निकाला जायेगा जहा सभी लाठी-डंडे खेल कर अपना करतब दिखायेंगे.

अच्छी बिक्री की उम्मीद -मुहर्रम में इस बार दुकानदार भी काफी खुश है. जिस तरह बाजार में बिक्री और ग्राहकों की भीड़ दिख रही हैं. इससे दुकानदार भी आस लगाए बैठे हैं कि अच्छी बिक्री के साथ अच्छी मुनाफा होगी. इधर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो के मोड़ बाज़ारो में मुहर्रम मे लगने वाली सामग्री की दुकान सजी हुई हैं.

प्रसाशन अलर्ट,कर रही हैं अपील-मालूम हो कि मुहर्रम पर निकलने वाले ताजिया जुलूस को देखने के लिए विभिन्न स्थानों पर भारी भीड़ उमड़ती है, जिससे मेले जैसा दृश्य देखने को मिलता है. इस बार भी जिले में कई जगहों पर ताजिया जुलूस निकलेगा.इसकी तैयारियां अकीदतमंदों की ओर से शुरू कर दी गयी है. मुहर्रम की दस तारीख यानी आगामी छह जुलाई को यौम-ए-आशूरा का पर्व मनाया जाएगा. जिसे देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी संवेदनशील इलाकों में शांति समिति की बैठक कर आपसी भाईचारे की अपील कर रहे हैं. जबकि समाज के प्रबुद्ध लोग और सामाजिक संगठन युवाओं को पर्व शांति व समरसता से मनाने के लिए जागरूक कर रहे हैं.

मतदाताओं के बीच किया गया मतदाता फार्म का वितरण

सीवान। बड़हरिया प्रखंड के सदरपुर में गुरुवार को बीएलओ प्रदीप कुमार मंडल द्वारा करीब 100 मतदाता फार्म का वितरण किया गया। इसमें मतदाताओं को अपना नाम, मोबाइल नंबर, पता और जरूरी दस्तावेज के साथ वोटर फार्म को भरकर एक से दो दिन के अंदर बीएलओ के समक्ष जमा करना है। इसके बाद पुन- बीएलओ द्वारा सभी वोटर फार्म को आनलाइन किया जाएगा ताकि सबका नाम चुनाव से पहले जुट जाए। जानकारी के अनुसार जितने भी पुराने वोटर कार्ड हैं उसको सरकार द्वारा रद कर दिया गया है और नए स्तर से वोटर कार्ड बनाने हेतु फार्म का वितरण किया जा रहा है। इसकी मानिटरिंग प्रत्येक पंचायत के एक-एक ब्लाक कर्मचारियों को लगाया गया है, जिसका सत्यापन करना है।

चिकित्सक सम्मान समारोह उज्जैन में डॉ.नाज हुए सम्मानित

दैनिक खोज खबर/सीवान। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर उज्जैन पॉलिटेक्निक कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह के दौरान निम्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के संस्थापक डॉ. मोहम्मद इंतेखाब परवेज उर्फ ड